# दूध लेकर लौट रहे छात्र की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

## बलवंत नगर में स्कूटी फिसलकर दीवार से टकराई, परिजनों का फूटा गुस्सा



**नवभारत न्यूज**

**गुना।** शहर के बलवंत नगर क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक हादसे ने परिवार की खुशियाँ पलभर में छीन लीं। दूध लेकर घर लौट रहा 15 वर्षीय छात्र देव राठौर स्कूटी फिसलने से बुरी तरह घायल हो गया और जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजन सदमे में आ गए और अस्पताल में जमकर हंगामा किया। देव राठौर मूल रूप से भिंड जिले के दबोह थाना क्षेत्र के गोरा गांव का रहने वाला था। फिलहाल वह गुना में रहकर निजी स्कूल में पढ़ाई करता था। परिवार ने बताया कि रोजाना की तरह वह सुबह लगभग 9 बजे दूध लेने निकला था। वंदना कॉन्वेंट स्कूल के पास स्थित डेयरी से दूध लेकर लौटते समय सडकों पर जमा पानी उसकी मौत की वजह बन गया।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, क्षेत्र में पाइप लाइन लीकेज और अव्यवस्थित जल निकासी के कारण सडक़ पर काफी पानी भरा हुआ था। इसी पानी से गुजरते समय उसकी स्कूटी अचानक फिसल गई। अनियंत्रित होकर वह पास के एक मकान की दीवार से जोर से जा टकराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि उसके सिर और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आ गईं। घटना देखकर आसपास के लोग दौड़ पड़े। उन्होंने पहचान कर तुरंत परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और देव को तत्काल जिला अस्पताल ले गए, लेकिन उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। बेटे की मौत की खबर सुनते ही परिवार का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। अस्पताल में परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार करते हुए जमकर हंगामा किया। सूचना पर कोतवाली पुलिस और अधिकारी पहुंचे और समझाइश देकर स्थिति को शांत कराया। काफी मशक्कत के बाद परिजन पीएम के लिए तैयार हुए। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।।

# जिस बिल्डिंग में टीआई किराए से रहते हैं, वहीं से बाइक चोरी



**नवभारत न्यूज**

**गुना।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातें लगातार बढ़ रही हैं और पुलिस की लापरवाही अब खुलेआम सामने आने लगी है। मठकरी कॉलोनी के कृष्णानी कॉम्प्लेक्स में गत रात डूडा कलेक्ट्रेट में पदस्थ सिटी मिशन मैनेजर शिवम द्विवेदी की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। चौंकाने वाली बात यह है कि जिस बिल्डिंग से बाइक चोरी हुई, वहीं में सिटी कोतवाली थाना प्रभारी सीपीएस चौहान किराए से रहते हैं। इसके बाद भी चोर बिना किसी डर के वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। फरियादी शिवम द्विवेदी ने जब पड़ोसी समझकर टीआई चौहान को घटना बताई, तो उन्हें तंज भरा जवाब मिला चोरी हो गई तो क्या मैं नई दिला दूं? मैं खुद अपनी गाड़ी कोतवाली में खड़ी करता हूं। यह प्रतिक्रिया सुनकर फरियादी और आसपास के लोग हतप्रभ रह गए, क्योंकि यह रवैया पुलिस की संवेदनहीनता को उजागर करता है। मठकरी कॉलोनी में चोरी की घटनाएं पिछले कुछ समय से लगातार बढ़ रही हैं। एक सप्ताह में दो से तीन मोटरसाइकिल चोरी की जा चुकी हैं और एक दुकान पर भी चोरी हो चुकी है। इसके बावजूद गश्त में ढिलाई जारी है, जिससे चोरों के हौंसले बुलंद हैं।

पीड़ित ने मोटरसाइकिल नंबर एमपी 40 एमक्यू 6728 होंडा ड्रीम युगा, ब्लैक की चोरी की शिकायत पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर की है। उन्होंने बताया कि बाइक रात 12 बजे के बाद चोरी हुई और सुबह 8 बजे पता चला। 24 नवंबर को कोतवाली में सूचना देने के बावजूद अभी तक कोई ठोस कार्रवाई शुरू नहीं हुई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि उस बिल्डिंग से चोरी हो सकती है जहां टीआई खुद रहते हैं, तो बाकी इलाका कितना सुरक्षित है—यही सबसे बड़ा सवाल है। इसके पूर्व भी अनेकों बार टीआई कोतवाली चोरी जैसे मामलों में बेतुके जबाव देते रहे हैं।

### एक नजर में

#### पैसा वापस मांगने पर पिता-पुत्र ने की मारपीट

**गुना।** शहर के कैंट थाना क्षेत्र में एडवांस पैसे लौटाने को लेकर हुए विवाद में पिता-पुत्र द्वारा एक युवक पर हमला करने का मामला सामने आया है। गुलाबगंज फाटक के पास रहने वाले रामवीर प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि राजू कुशवाह उसके भूसा ट्रैक्टर पर लेबर का काम करता था और उसे पहले ही एडवांस पैसे दिए गए थे। मंगलवार सुबह जब रामवीर ने राजू को काम पर चलने को कहा, तो उसने मना कर दिया। रामवीर के अनुसार जब उसने एडवांस पैसे लौटाने की बात कही तो राजू कुशवाह गालियां देने लगा और थप्पड़ मार दिया। इसी दौरान उसका बेटा छोटू कुशवाह आया और डंडे से हमला कर दिया, जिससे रामवीर के दाहिने हाथ, चेहरे और गले में चोटें आईं। आरोप है कि आरोपी पिता-पुत्र ने जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### मामूली विवाद में चाकू से हमला

**गुना।** जिले के म्याना थाना क्षेत्र के ग्राम बांसखेड़ी में चाकू मारने की गंभीर वारदात सामने आई है। ग्राम निवासी ओमप्रकाश आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि गत रात करीब 8 बजे वह घर लौट रहा था, तभी दयाराम मेहतर के घर के सामने उसका भाई संतोष मिला, जिसे गांव का रितिक अहिरवार रास्ता रोककर गालियां दे रहा था। संतोष ने गाली देने से मना किया तो रितिक ने चाकू से उस पर हमला कर दिया, जिससे उसके सीने और पैर में गंभीर चोटें आईं और खून बहने लगा। ओमप्रकाश ने बताया कि वह बचाने गया तो आरोपी ने उस पर भी चाकू से वार किया, जिससे उसके कंधे के पास घाव हो गया। इसके बाद 112 डायल कर पुलिस को बुलाया गया और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। अगले दिन डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर होने पर संतोष को भोपाल रेफर कर दिया। पुलिस ने आरोपित रितिक अहिरवार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### पिता-पुत्र ने युवक पर लाठी से किया हमला

**गुना।** जिले के मृगवास थाना क्षेत्र के जौहरीपुरा गांव में मोटरसाइकिल को लेकर हुए विवाद में एक युवक के साथ गंभीर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। ग्राम निवासी कमलेश जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि सोमवार शाम वह अपने जीजा मदन की मोटरसाइकिल लेकर खेत गया था। इसी दौरान गांव के पवन जाटव ने उसके जीजा को गलत जानकारी दे दी कि कमलेश मोटरसाइकिल को राजस्थान ले गया है। कमलेश के अनुसार जब वह खेत से लौट रहा था, तभी घर के पास पवन मिला। उसने इस झूठ की वजह पूछी तो पवन और उसका पिता जगदीश जाटव गालियां देने

# अस्पताल में प्रसूताओं को परोसा जा रहा घटिया भोजन

## जनसुनवाई में पहुंचा मामला, सवर्ण आर्मी ने की कार्रवाई की मांग, कलेक्टर ने तत्काल जांच समिति की गठित



**नवभारत न्यूज**

**गुना।** जिला चिकित्सालय गुना में भर्ती प्रसूताओं और अन्य मरीजों को परोसे जा रहे भोजन एवं दूध की निम्न गुणवत्ता को लेकर मंगलवार को सवर्ण आर्मी के कार्यकर्ता जनसुनवाई में पहुंचे। संगठन के अध्यक्ष विक्रम सिंह तोमर ने कलेक्टर को विस्तृत आवेदन सौंपते हुए आरोप लगाया कि अस्पताल में संचालित भोजन शाखा द्वारा टेंडर की शर्तों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है और मरीजों को खराब क्वालिटी का भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। आवेदन में बताया गया कि अस्पताल की भोजन व्यवस्था का टेंडर मेसर्स रूपा इंटरप्राइजेज को दिया गया था तथा नदीम खान के नाम पर यह अनुबंध स्वीकृत हुआ था, लेकिन व्यवहारिक रूप से केन्टीन संचालन इकबाल खान और अयान खान कर रहे हैं। 16 नवंबर को अस्पताल कर्मचारी युवराज सिंह सेंगर ने संगठन से संपर्क कर बताया कि मरीजों को दिए जा रहे दूध में पानी मिलाया जा रहा है और खाने की गुणवत्ता बेहद खराब है। युवराज सिंह ने भोजन सामग्री की वास्तविक स्थिति के फोटो और वीडियो भी संगठन को भेजे, जिन्हें बाद में कलेक्टर और सिविल सर्जन को भी भेजा गया।

आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया कि जब कर्मचारी ने किचन शाखा का निरीक्षण रजिस्टर मांगना चाहा तो वह उपलब्ध नहीं था। उल्टा किचन में मौजूद अयान खान और इकबाल खान ने उनके साथ अभद्रता की तथा प्रवेश करने से रोक दिया। इस संबंध में सूचना तत्काल सिविल सर्जन और सहायक उपप्रबंधक सूरज सिंह को भी दी गई, परंतु कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि टेंडर शर्तों के विपरीत संचालन करने वालों पर ना तो कार्रवाई हुई और ना ही भोजन गुणवत्ता सुधारी गई, जिससे गरीब मरीजों को नुकसान हो रहा है।

कलेक्टर ने लिया गंभीरता से संज्ञान, आधे घंटे में जांच समिति गठित

जनसुनवाई में शिकायत दर्ज होने के बाद कलेक्टर किशोर कन्याल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सिविल सर्जन को जांच के निर्देश दिए। मात्र आधे घंटे में अस्पताल प्रबंधन ने तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन कर दिया ताकि भोजन एवं दूध वितरण की गुणवत्ता, टेंडर उल्लंघन और कर्मचारियों के साथ किए गए दुर्व्यवहार की जांच की जा सके।

आदेश अनुसार समिति मौके का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। सवर्ण आर्मी ने मांग की है कि यदि आरोप सत्य पाए जाएं तो केन्टीन संचालक पर एफआईआर दर्ज करते हुए टेंडर निरस्त किया जाए और मरीजों को स्वस्थ, पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। शिकायत के बाद अब जिला अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं और मरीजों में भी इस मुद्दे को लेकर चर्चा बनी हुई है।




### रोटरी क्लब गुना रॉयल ने मनाया साई दृष्टि स्कूल का स्थापना दिवस

**गुना।** रोटरी क्लब गुना रॉयल द्वारा संचालित साई दृष्टि स्कूल का स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ओमप्रकाश अग्रवाल, पूर्व कुलपति जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर, उपस्थित रहे। उन्होंने स्कूल की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। कार्यक्रम के दौरान पत्रकार संघ के अध्यक्ष आनंद लोढ़ा ने दृष्टिबाधित बच्चों को स्वेटर वितरित किए। उमा राघवेंद्र सोनी ने अपना और बेटे निखिल का जन्मदिन स्कूल के बच्चों के साथ मनाते हुए संस्थान को नगद राशि भेंट की। वहीं संजय गुप्ता और सीमा गुप्ता ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ दृष्टिबाधित बच्चों के साथ स्कूल परिसर में मनाई और सभी बच्चों को अल्पाहार कराया। क्लब अध्यक्ष सौरभ जैन ने अतिथियों का स्वागत किया। आयोजन में जितेंद्र वर्मा, संदीप जैन, संजय गुप्ता, रितेश जैन, राघवेंद्र सोनी, अरुणा जैन, प्रियंका जैन सहित क्लब और स्कूल से जुड़े कई सदस्य मौजूद रहे। अंत में आभार चेयरमैन सुदीप जैन ने व्यक्त किया।

# बलदान दिवस रक्तदान शिविर आयोजित

**गुरू तेग बहादुर का मनाया बलिदान दिवस**

**सिख समाज के लोगों ने किया रक्तदान**



**नवभारत न्यूज**

**गुना। सिख धर्म के नवें गुरु, गुरु तेग बहादुर के बलिदान दिवस पर मंगलवार को सिख समाज ने मानव सेवा का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए सामूहिक रक्तदान कर श्रद्धांजलि अर्पित की।**

उनकी याद में स्थानीय गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ गुरु तेग बहादुर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पदाधिकारियों द्वारा किया गया। शिविर के दौरान समाज के अनेक सदस्य और युवा स्वयं आगे आए और उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। आयोजकों ने बताया कि गुरु तेग बहादुर ने अपने जीवन में मानवता, त्याग और धर्म की रक्षा के लिए जो संदेश दिया था, उसी भावना को जीवित रखते हुए समाज ने यह सेवा कार्य किया है। उपस्थित युवाओं ने रक्तदान को सबसे बड़ा मानवीय कर्तव्य बताया और अन्य लोगों को भी ऐसे आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। रक्तदान करने वाले सभी दाताओं को गुरु सिंह सभा की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# धर्मांतरण रोकने में एकल की महती भूमिका

**ईश्वरी कार्य बता कर कार्य कर्ता कर रहे प्रेरित**

**श्री हरि कथा प्रसाद योजना का प्रशिक्षण वर्ग**



**नवभारत न्यूज**

**गुना।** एकल श्री हरि कथा प्रसार योजना संभाग मध्यभारत का एक दिवसीय समिति प्रशिक्षण वर्ग मंगलवार को केंट रोड स्थित सेजी हाउस गार्डन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में संजय साहू केंद्रीय समिति प्रशिक्षण प्रमुख, विकास जैन एकल अभियान पी-7 जागरण शिक्षा प्रभारी, रामेश्वर दयाल पी-7 एवं 8 नगर संगठन प्रमुख, अजय शरण प्रभाग व्यास, महेश सिंघल संभाग सचिव, संजय शरण संभाग व्यास, आशा रघुवंशी भाग महिला समिति अध्यक्ष और हरि पप्पू सिंह नायक संभाग कार्यालय प्रमुख मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद गुना अंचल अध्यक्ष मनीष भार्गव ने अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र पहनाकर किया। सत्र को संबोधित करते हुए संजय साहू ने कहा कि एकल श्री हरि प्रशिक्षण का उद्देश्य समितियों को मजबूत बनाकर गांव-गांव सत्संग के माध्यम से धर्म की रक्षा और ग्रामीण समाज को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि आज भी धर्मांतरण की घटनाएं हो रही हैं, जिसके बीच एकल कार्यकर्ता अपनी महती भूमिका निभाते हुए इसे रोकने में सहायक बन रहे हैं। एकल विद्यालय योजना ने 37 वर्षों में उन गांवों तक शिक्षा पहुंचाई है, जहां आज भी शासकीय विद्यालय नहीं हैं। विकास जैन ने कहा कि एकल अभियान पंचमुखी शिक्षा के माध्यम से संस्कार, जागरूकता और आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। जनजातीय क्षेत्रों में यह अभियान सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक उत्थान का साधन बन रहा है।

**जनसुनवाई** **10 वर्षों से सरकारी भूमि पर कब्जा, सीमांकन न होने से परिवार परेशान**

# सिलावटी की सहरिया महिला ने जनसुनवाई में उठाई आवाज



**नवभारत न्यूज**

**गुना।** जिले के बमोरी तहसील अंतर्गत ग्राम सिलावटी की रहने वाली सहरिया समाज की महिला पुष्पा देव हेली मंगलवार को कलेक्टोरेट में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचीं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी पैतृक भूमि पर विगत 10 वर्षों से अवैध कब्जा होने के बावजूद प्रशासन द्वारा आज तक सीमांकन नहीं किया गया, जिसके कारण पूरा परिवार परेशान है। महिला ने जनसुनवाई में विस्तृत आवेदन प्रस्तुत कर जिलाधीश से न्याय की गुहार लगाई। आवेदन में बताया गया है कि ग्राम शिलावटी, प.ह.न. 3, सर्वे नंबर 22 रखवा 314 है, तथा 38 बाटे एक रखवा 209 हेक्टेयर भूमि का नामांतरण उनके परिवार—पुष्पा बाई, रामजीलाल, चिरौंजी, संजय, लकी और मनोज—के नाम हो चुका है। इसके बावजूद गांव का नमी किरार पुत्र प्रसादी पिछले दस वर्षों से भूमि पर अवैध कब्जा किए हुए है। आरोप है कि कब्जाधारी विरोध करने पर जाति सूचक गालियां देता है और जान से मारने की धमकी भी देता है।

पुष्पा देव ने बताया कि वे कई बार तहसील बमोरी, पटवारी हल्का नंबर 3 के वर्तमान एवं पूर्व पटवारी, एसडीएम और कलेक्टर कार्यालय के चक्कर काट चुकी हैं, किंतु हर बार सीमांकन टलता जा रहा है। महिला के अनुसार पटवारी ने उन्हें धमकाते हुए कहा कि इस जमीन के चक्कर में मत पड़ो, नहीं तो जान से मार दिए जाओगे। इस कारण वह और उनका परिवार भय के माहौल में जीने को मजबूर है। उन्होंने यह भी बताया कि वे पांच वर्षों से लगातार सीमांकन के लिए आवेदन देते आ रहे हैं, लेकिन राजनीतिक दबाव के कारण कार्रवाई लंबित है।

भूमि विवाद के चलते परिवार खेती नहीं कर पा रहा और आजीविका संकट में है। जनसुनवाई में पुष्पा देव हेली ने जिलाधीश से आग्रह किया कि उनकी भूमि का तुरंत सीमांकन कर कब्जा मुक्त कराया जाए, ताकि उनके परिवार को न्याय और सुरक्षा मिल सके। पुलिस और राजस्व अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग भी की गई।

### स्कूल समय पर न पहुंच पाने की शिकायत लेकर छात्राएं जनसुनवाई में पहुंचीं

**गुना।** ग्राम करोद से आने वाली छात्राएं मंगलवार को कलेक्टोरेट में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचकर स्कूल प्रशासन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। छात्राओं आराध्या यादव, विशाखा कुशवाह और शालू यादव ने बताया कि वे पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत हैं और उनका गांव विद्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर है। दूरी अधिक होने के कारण उन्हें समय पर स्कूल पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। छात्राओं ने जनसुनवाई में बताया कि उन्होंने पूर्व में भी आवेदन देकर अपनी समस्या से अवगत कराया था।

# ललुआगरा बस्ती को बचाने की मांग को लेकर गामीण पहुंचे कलेक्ट्रेट, दिया ज्ञापन

**40 वर्षों से बसाहट, अब भूमि को बता रहे अवैध**

**उद्योग विभाग को बेचने का विरोध**



**नवभारत न्यूज**

**गुना।** शहर से लगे ग्राम ललुआगरा (ललुआटोरा) के दर्जनों ग्रामीण मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचे और जनसुनवाई में आवेदन देकर अपनी बस्ती को बचाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि वे पिछले 40 वर्षों से इस भूमि पर बसे हुए हैं, जहां सरकार द्वारा सडक़, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। कई परिवारों के पास बिजली बिल, नोटरी दस्तावेज और निवास प्रमाण भी मौजूद हैं, फिर भी अब उक्त भूमि को अवैध बताते हुए उद्योग विभाग को हस्तांतरित किया जा रहा है, जिससे पूरी बस्ती उजडऩे की कगार पर है। ग्रामीणों सोनू केवट, गिरीश, अकील, आशाबाई, रामदयाल, आमसिंह, शीला, संतोष, नंदन, पवन, सविता, रामभरोसा, राजन, बाबिता, सुशमा सहित बड़ी संख्या में निवासियों ने कहा कि यह फैसला न केवल अन्यायपूर्ण है बल्कि लोगों को बेघर करने वाला भी है। ग्रामीणों ने मांग की कि यदि सरकार भूमि खाली कराना चाहती है, तो पहले शहर के अंदर उसी क्षेत्रफल की जमीन और मकान उपलब्ध कराए जाएं ताकि कोई परिवार विस्थापित न हो।

ग्रामीणों ने यह भी अनुरोध किया कि बस्ती में वर्षों से बंद पड़ा स्कूल पुन: संचालित किया जाए, जिससे बच्चों की शिक्षा बाधित न हो। जनसुनवाई में प्रस्तुत ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि वे अपनी बस्ती को उजडऩे नहीं देंगे और प्रशासन से निष्पक्ष समाधान की अपेक्षा रखते हैं। मामले को लेकर ग्रामीणों में गहरी नाराजगी पाई जा रही है और वे आगे भी न्याय की लड़ाई जारी रखने की बात कह रहे हैं।